Q. मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग से आप क्या समझते हैं?

What do you understand with medical surgical nursing.

उत्तर- मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग, नर्सिंग की वह शाखा है जिसके अंतर्गत रोगी को बीमारी के आधार पर अथवा आवश्यकतानुसार नर्सिंग सेवा प्रदान की जाती है तथा रोगी को दवाइयों एवं शल्य चिकित्सा (surgery) दोनों ही प्रकार से उपचार (treatment) दिया जाता है।

मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग का क्षेत्र अत्यधिक व्यापक होता जा रहा है।

इसमें रोगी के स्वास्थ्य की पुनर्स्थापना में दवाइयों एवं शल्य चिकित्सीय उपचार (surgical treatment) के साथ-साथ नर्सिंग देखभाल का भी अहम योगदान होता है।

मेडिसिन (Medicine)

यह चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतर्गत मरीज का उपचार दवाइयों (drugs), व्यायाम (exercise), आहार परिवर्तन (diet modification) तथा अन्य गैर-सर्जिकल विधियों (non-surgical methods) द्वारा किया जाता है।

सर्जरी (Surgery)

यह चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जिसके अन्तर्गत मरीज का उपचार विशेष उपकरणों की सहायता से शल्य-चिकित्सा संबंधी विधि (surgical method) द्वारा किया जाता है। सुश्रुत (Sushruta) को सर्जरी का जनक (Father of Surgery) कहा जाता है।

मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग के अंतर्गत medical एवं surgical विधि द्वारा मरीज का उपचार किया जाता है तथा नर्सिंग देखभाल भी प्रदान की जाती है, यही मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग कहलाती है।

Q. रोग को परिभाषित कीजिए तथा इसके कारणों को विस्तार से समझाइए।

Define illness and describe the causes of illness in detail.

उत्तर- रोग (Illness or Disease) -

रोग शरीर की एक ऐसी अवस्था है जिसमें शरीर का एक अथवा अनेक भाग कार्य करने में असमर्थ हो जाते हैं।

(Illness is a condition in which any part or several parts of the body become unable to work in optimum condition.)

बीमारी के कारण (Causes of Illness) -

बीमारी के कारणों को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया गया है-

1. शारीरिक (Physical)
2. मानसिक (Mental)
3. सामाजिक (Social)
4. वातावरणीय (Environmental)

5. अन्य (Others)

2. मानसिक कारक (Mental Factors)

मानसिक कारक व्यक्ति की मनोस्थिति पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं एवं रोग उत्पन्न करते हैं जैसे- असामान्य विकास से शीजोफ्रेनिया (schizophrenia), असुरक्षा की भावना से आत्महत्या (suicide), आराम की कमी व तनाव या चिंता से नींद न आना (insomnia) आदि।

3. सामाजिक कारक (Sociological Factor)

सामाजिक कारक सामाजिक परिवेश, प्रथाओं व रीति-रिवाज आदि से जुड़े होते हैं।

अतः यह कई बार रोग उत्पत्ति का कारण भी बन जाते हैं जैसे हिंसा, बालात्कार, युद्ध, गरीबी, तलाक, अशिक्षा, दहेज प्रथा, दंगा फसाद (riots) आदि।

4. वातावरणीय कारक (Environmental Factor)

यह कारक वातावरण से जुड़े रहते हैं एवं रोग उत्पन्न होने का कारण बन जाते हैं जैसे- जलना, अत्यधिक गर्मी या सर्दी होना, बिजली से चिपकना, अधिक प्रदूषण होना, विकिरण से त्वचीय रोग होना, महामारी फैलना आदि।

5. अन्य (Other)

अन्य कारकों में शामिल हैं- लकवा (paralysis), गर्भपात (abortion), कुपोषण (malnutrition), माइग्रेन (migraine), स्वच्छता की कमी, प्रदूषित वातावरण, बहु गर्भावस्था (multiple pregnancy), एक्टोपिक गर्भावस्था (ectopic pregnancy), अस्थमा (asthma) आदि।